578

**A**

# Paper Code : 05
## ECONOMICS [PAPER–III]

Sr. No. 476

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ..................................................
   (Name) ..................................................
2. (Signature) ..................................................
   (Name) ..................................................

OMR Sheet No. ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(To figures as per admission card)

Roll No. ..........................................................
(In Words)

Time : 2½ hours] [Maximum Marks : 150

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **75**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of Seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicated or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (ii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your response to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name. Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means. you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. Students can take home carbon copy of their OMR Answer sheet.
11. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
12. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
13. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिये।
2. इस प्रश्न-पत्र में पिचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक करलें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
   (ii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने है। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. परीक्षा समाप्ति पर परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक की कार्बन कापी अपने साथ ले जा सकते हैं।
11. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
12. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
13. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे।**

# PAPER CODE : 05

## PAPER–III

## ECONOMICS

**Note** : This paper contains **Seventy Five (75)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

नोट : इस प्रश्न पत्र में **पिचहत्तर ( 75 )** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो ( 2 )** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।

1. A Pareto efficient allocation implies all of the following, except—
   (A) Resources are fully employed
   (B) Economy is operating on production possibility frontier
   (C) MRS=MRT
   (D) Somebody can be made better off without making anybody worse off

2. Why there is allocative inefficiency under monopoly—
   (A) Price = marginal cost
   (B) MR = MC
   (C) Price > MC
   (D) Price > AC

3. Suppose a firm is operating in perfectly competitive product market and has monopsonistic power in the factor market, then factor labour is paid as—
   (A) w < VMPL = MRPL
   (B) w = VMPL = MRPL
   (C) w < MRPL < VMPL
   (D) w > MRPL = VMPL

4. Shape of indifference curve for perfectly complementary goods is—
   (A) L-shaped
   (B) Straight line
   (C) convex to the origin
   (D) U-Shaped

1. इनमें से किनका पैरीटो कुशल आवंटन से तात्पर्य नहीं है—
   (A) संसाधनों का पूर्ण उपयोग
   (B) अर्थव्यवस्था उत्पादन संभावना वक्र पर कार्यरत है।
   (C) प्रतिस्थापना का सीमान्त सिद्धान्त बराबर है तकनीकी प्रतिस्थापन की दर।
   (D) किसी का भी नुकसान किये बगैर किसी अन्य की स्थिति बेहतर की जा सकती है।

2. एकाधिकार में आवंटन की अकुशलता क्यों होती है—
   (A) कीमत = सीमान्त लागत
   (B) सीमा आगम = सीमान्त लागत
   (C) कीमत > सीमान्त लागत
   (D) कीमत > औसत लागत

3. माना कि एक फर्म उत्पाद बाजार में पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति तथा साधन बाजार में क्रेता एकाधिकार की स्थिति में कार्य कर रही है तो साधन को जो भुगतान होगा वह—
   (A) मजदूरी < सीमान्त उत्पादन के मूल्य = सीमान्त आय उत्पादन
   (B) मजदूरी = सीमान्त उत्पादन के मूल्य = सीमान्त आय उत्पादन
   (C) मजदूरी < सीमान्त आय उत्पादन < सीमान्त उत्पादन के मूल्य
   (D) मजदूरी > सीमान्त आय उत्पादन = सीमान्त उत्पादन के मूल्य

4. पूर्णत: पूरक पदार्थों के अनधिमान वक्र का आकार—
   (A) L आकृति के होंगे
   (B) सीधी रेखा
   (C) मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर होते हैं
   (D) U के आकृति के

5. In case of Giffen goods, the demand curve is—
(A) Upward sloping
(B) Downward sloping
(C) Parallel to X-axis
(D) Parallel to Y-axis

6. Which of the following is not a part of the coinage 'Trinity of impossibility :'
(A) Independent Monetary Policy
(B) Independent fiscal policy
(C) Fixed exchange rate policy
(D) Independent industrial policy

7. The principle of accelerator is based upon assumption of—
(A) Constant capital-output ratio and absence of excess capacity
(B) Absence of excess capacity and constant demand
(C) Constant capital-labour ratio and stable supply
(D) Non of these

8. LM curve shows all the combinations of—
(A) Interest rate and money stock
(B) Interest rate and money supply
(C) Income and money supply
(D) Income and interest rate

9. An important conclusion of Baumol-Tobin's approach to transaction demand for money is—
(A) The transcation demand for money rises less than proportionately to the rise in income
(B) Transaction demand for money is interest elastic
(C) Both A & B
(D) Neither A nor B

5. गिफीन वस्तुओं के सन्दर्भ में माँग वक्र—
(A) ऊपर की ओर ढालु
(B) नीचे की ओर ढालु
(C) x अक्ष के समानान्तर
(D) y अक्ष के समानान्तर

6. निम्न में से क्या असंभाविता की त्रीमूर्ति का हिस्सा नहीं है—
(A) स्वतंत्र मौद्रिक नीति
(B) स्वतंत्र राजकोषीय नीति
(C) स्थिर विनिमय दर नीति
(D) स्वतंत्र उद्योग नीति

7. 'त्वरक' का सिद्धान्त आधारित है किस मान्यता पर—
(A) स्थिर 'पूँजी-उत्पाद अनुपात' तथा अतिरेक क्षमता का अभाव
(B) अतिरेक क्षमता का अभाव एवं स्थिर माांग
(C) स्थिर पूँजी-उत्पाद अनुपात एवं स्थिर पूर्ति
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

8. LM वक्र दर्शाता है सभी संयोगों को—
(A) ब्याज दर एवं मुद्रा की मात्रा
(B) ब्याज दर एवं मुद्रा की पूर्ति
(C) आय एवं मुद्रा की पूर्ति
(D) आय एवं ब्याज दर

9. बासोल, टोबीन के लेन-देन सम्बन्धी मुद्रा की माँग का एक महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष है—
(A) लेन-देन सम्बन्धी मुद्रा की माँग में वृद्धि आय की वृद्धि के अनुपात से कम है।
(B) लेन-देन सम्बन्धी मुद्रा की माँग ब्याज बेलोचदार है।
(C) A एवं B दोनों
(D) उपरोक्त दोनों में से कोई भी नहीं

10. Under flexible exchange rate regime, which of the following is true—

(A) Only fiscal policy is effective

(B) Only Monetary policy is effective

(C) Only trade policy is effective

(D) Industrial policy is effective

11. Harrod-Domar model, in its simplest form, predicts neutrality of growth rates because of the assumption of—

(A) Constant elasticity of substitution of factors

(B) Constant returns to capital

(C) Constant returns to labour

(D) All of these

12. Major part of the variations in per-capita income across countries are explained by—

(A) Variations in population growth and government spending

(B) Variations in investment spending and corporation tax rates

(C) Variations in population growth and savings rate

(D) Variations in savings and investment

13. According to Marx, what leads to capital accumulation—

(A) Purchase of improved machines

(B) Surplus capital

(C) Surplus labour

(D) Surplus savings

14. Various types of indivisibilities, mentioned in 'Big-Push' theory of growth includes indivisibilities in—

(A) Demand

(B) Production

(C) Supply of savings

(D) All the above

10. लचीली विनिमय दर के सन्दर्भ में निम्न में से क्या सत्य है—

(A) केवल राजकोषीय नीति ही प्रभावी है।

(B) केवल मौद्रिक नीति ही प्रभावी है।

(C) केवल व्यापार नीति ही प्रभावी है।

(D) केवल उद्योग नीति ही प्रभावी है।

11. अपने सबसे सरल रूप में हैरोड डोमर मॉडल का आर्थिक तटस्थ अनुमान (Prediction) निम्न में से किस मान्यता पर आधारित है—

(A) साधन कारक के प्रतिस्थापन की लोच की स्थिरता की मान्यता

(B) स्थिर पैमाने का प्रतिफल

(C) श्रम का स्थिर प्रतिफल

(D) उपरोक्त सभी

12. अर्थव्यवस्थाओं के मध्य प्रतिव्यक्ति आय की विभिन्नता का कारण है—

(A) जनसंख्या की वृद्धि दर एवं राजकीय व्यय में विभिन्नता

(B) निगम कर दरों एवं निवेश में विभिन्नता

(C) जनसंख्या वृद्धि दर एवं बचत दर में विभिन्नता

(D) निवेश एवं बचत की दर में विभिन्नता

13. मार्क्स के अनुसार पूँजी संकलन का आधार है—

(A) अच्छी मशीनों का क्रय

(B) अतिरेक पूँजी

(C) श्रम अतिरेक

(D) अतिरेक बचत

14. 'बिग पुस' सिद्धान्त के अन्तर्गत वर्णित अविभाज्यता के अन्तर्गत किन अविभाज्यताओं को सम्मिलित किया गया है—

(A) माँग

(B) उत्पादन

(C) बचत की पूर्ति

(D) उपरोक्त सभी

15. Endogenous growth theory emphasizes—
   (A) Role of investment in physical infrastructure
   (B) Role of human capital
   (C) Role of environment protection
   (D) Role of endogenous money

16. Which of the following has the largest share in central government tax collections—
   (A) Personal income tax
   (B) Corporation tax
   (C) Excise duty
   (D) Custom duty

17. Center and states, taken together, which of the following statement is true—
   (A) Direct tax collections are more than indirect tax collections
   (B) Indirect tax collections are more than direct tax collections
   (C) Both contribute equally
   (D) None of these

18. For states taken together, which of the following holds true—
   (A) Direct tax collections are more than indirect tax collections
   (B) Indirect tax collections are more than direct tax collections
   (C) Both contribute equally
   (D) None of these

19. For union government of India, taken alone, which item has the largest share in total spending—
   (A) Defence expenditure
   (B) Interest payments
   (C) Subsidies
   (D) Education

15. आन्तरिक विकास सिद्धान्त महत्त्व देता है—
   (A) आधारभूत ढाँचे में निवेश का योगदान
   (B) मानव पूँजी का योगदान
   (C) पर्यावरण संरक्षण का योगदान
   (D) आन्तरिक मुद्रा का योगदान

16. केन्द्रीय सरकार के राजस्व में निम्न में से किस कर का योगदान सर्वाधिक है—
   (A) व्यक्तिगत प्रत्यक्ष कर
   (B) निगम कर
   (C) उत्पादन शुल्क
   (D) आयात कर

17. केन्द्र एवं राज्यों को मिला कर निम्न में से क्या सत्य है—
   (A) प्रत्यक्ष कर से राजस्व में प्राप्ति अप्रत्यक्ष कर से प्राप्ति से अधिक है।
   (B) अप्रत्यक्ष कर से प्राप्ति प्रत्यक्ष कर से अधिक है।
   (C) दोनों से समान प्राप्ति है।
   (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

18. सभी प्रान्तों के समूह के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सत्य है—
   (A) प्रत्यक्ष कर से प्राप्ति अप्रत्यक्ष कर की प्राप्ति से अधिक है।
   (B) अप्रत्यक्ष कर का राजस्व में योगदान प्रत्यक्ष कर से अधिक है।
   (C) दोनों का समान योगदान है।
   (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

19. भारत की केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय में किस मद का योगदान सर्वाधिक है—
   (A) सुरक्षा व्यय
   (B) ब्याज के भुगतान का व्यय
   (C) सबसिडी पर व्यय
   (D) शिक्षा

20. The ratio of revenue and capital account spending in total spending by centre and state governments taken together is—
(A) 85 : 15
(B) 75 : 25
(C) 65 : 35
(D) 55 : 45

21. Suppose two countries remove all tariffs on each other's products and establish a common set of tariffs against the rest of the world, they have formed—
(A) Free-trade area
(B) Economic union
(C) Common market
(D) Customs union

22. Optimum tariff rate for a country is that rate that maximises—
(A) Quantity of imports
(B) Terms of trade
(C) Balance of trade
(D) Welfare

23. Suppose a country joins exchange rate area. Now the country, for the purpose of stabilizing output and employment—
(A) Losses its ability to use fiscal and monetary policy
(B) Losses its ability to use fiscal and exchange rate policy
(C) Losses its ability to use exchange rate and monetary policy
(D) Losses its ability to use exchange rate policy only

24. There have been substantial shift in pattern and composition of trade items of developing countries. Nowadays, in world markets, developing countries tend to rely primarily on exports of—
(A) Manufactured products
(B) Primay products
(C) Agricultural products
(D) None of these

20. केन्द्र एवं प्रान्तीय सरकारों के कुल व्यय में आय गत एवं पूँजी गत मदों का अनुपात है—
(A) 85 : 15
(B) 75 : 25
(C) 65 : 35
(D) 55 : 45

21. मान लीजिये की दो देश एक-दूसरे के उत्पादों को आयात शुल्क से मुक्त कर देते हैं एवं शेष विश्व के लिये आयात शुल्क की एक दर लगाते हैं तो इस स्थिति को—
(A) मुक्त व्यापार क्षेत्र
(B) आर्थिक संघ
(C) कोमन मार्केट
(D) तटकर संघ

22. किसी भी देश के लिये 'संतुलन' आयात शुल्क दर से अभिप्राय उस दर से है जो अधिकतम करती है—
(A) आयात की मात्रा को
(B) व्यापार की शर्तों को
(C) व्यापार संतुलन को
(D) कल्याण को

23. मान लिया जाए कि एक देश विमिनय दर क्षेत्र में शामिल होता है। उत्पादन एवं रोजगार की स्थिरता के उद्देश्य के लिए, यह देश अब खो देता है—
(A) राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति उपयोग करने की क्षमता
(B) राजकोषीय एवं विनिमय-दर नीति उपयोग करने की क्षमता
(C) विनिमय-दर नीति एवं मौद्रिक नीति उपयोग करने की क्षमता
(D) केवल विनिमय दर नीति उपयोग करने की क्षमता

24. विकासशील देशों के विदेशी व्यापार की संरचना एवं प्रतिकृति में महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। आज विकासशील देश निम्न से किन उत्पादों के निर्यात पर आश्रित है—
(A) विनिर्मित उत्पादों पर
(B) प्राथमिक उत्पाद पर
(C) कृषि उत्पाद पर
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

25. An export tax has one of the following effects, in the case of a large country—

(A) Benefits the exporting country only

(B) Raises consumer welfare in both the exporting and the importing country

(C) Increases price of the good in the importing country

(D) Does not change price of the good in the importing country

26. Which of the following RBI classification of money stock is correct—

(A) $M_1$ = currency + demand deposits + other deposits with RBI

(B) $M_2 = M_1$ + savings deposits with post officies and savings banks

(C) $M_3 = M_2$ + time deposits of all commercial and cooperative banks

(D) All of the above

27. Theory of bank rate policy deals with—

(A) Demand for credit effect

(B) Cost of credit effect

(C) Credit availability effect

(D) All of the above

28. The most active and sensitive part of the organized moeny market is the—

(A) Call money market

(B) Commercial bills market

(C) Treasury bills market

(D) Guilt edged market

29. High powered money means—

(A) Currency with the public + excess reserve with the commercial banks

(B) Cash reserves with the banks

(C) Currency with the public

(D) Deposits with commercial banks

25. एक बड़े देश के सन्दर्भ में निर्यात कर का प्रभाव है—

(A) केवल निर्यातक देश को लाभान्वित करती है।

(B) दोनों निर्यातक एवं आयातक देश के उपभोक्ताओं के कल्याण में वृद्धि करता है।

(C) आयातित देश में उत्पादों के मूल्य में वृद्धि करता है।

(D) आयातित देश में उत्पादों के मूल्य में वृद्धि नहीं करता है।

26. भारत में रिजर्व बैंक के द्वारा ुद्रा की पूर्ति के मापन के लिये दिये गये वर्गी रण के अनुरूप निम्न में से क्या सत्य है—

(A) $M_1$ = करेंसी नोट, सिक्के + माँग जमा + भारतीय रिजर्व बैंक के पास अन्य जमा

(B) $M_2 = M_1$ + पोस्ट ऑफिस एवं बचत बैंकों में अन्य जमा

(C) $M_3 = M_2$ + सभी व्यावसायिक एव सहकारी बैंकों के पास अवधि जमा

(D) ऊपर के सभी

27. बैंक दर नीति के सिद्धान्त का सम्बन्ध है—

(A) ऋण के लिये माँग प्रभाव

(B) ऋण की लागत प्रभाव

(C) ऋण की उपलब्धता प्रभाव

(D) उपरोक्त सभी

28. संगठित मुद्रा बाजार का सबसे संवेदनशील एवं सक्रिय भाग है—

(A) 'काल मनी' बाजार

(B) व्यवसायिक बिल बाजार

(C) सरकारी बिल बाजार

(D) सरकारी प्रतिभूति बाजार

29. उच्च शक्ति मुद्रा से अभिप्राय है—

(A) जनता के हाथ में करैन्सी + व्यवसायिक बैंकों के पास अतिरेक रिजर्व

(B) बैंकों के पास नकदी रिजर्व

(C) जनता के हाथ में करैन्सी

(D) वाणिज्यिक बैंकों के पास जमा राशि

30. A fall in CRR leads to—
(A) Increase in availability of credit
(B) A fall in cost of credit
(C) Decrease in availability of credit
(D) Increase in cost of credit

31. Which one of the following types of industries does not contribute to industrialization in the long run—
(A) Export intensive industries
(B) Consumer goods industries
(C) Import substituting industries
(D) Capital goods industries

32. The chairman of Monopoly Enquiry Commission (1964) was—
(A) R.K. Hazari
(B) K.C. Pant
(C) Raj Krishna
(D) Dr. Praveen Jha

33. The advantage of small scale industry is—
(A) Capital light
(B) Capital intensive
(C) Latent resources
(D) Both A and C

34. The main objective of the Industrial policy 1991 was to—
(A) Open the economy for free market play
(B) Dismantle public enterprise
(C) Import promotion
(D) All of the above

35. Privatizations refers to—
(A) Sale of private firms to the government sector
(B) Sale of public enterprises to the private sector
(C) Sale of corporate bodies to venture capitalists
(D) Nationalizing the venture capitalists

30. नकद आरक्षी अनुपात में गिरावट से होता है—
(A) साख की उपलब्धता में वृद्धि
(B) साख की लागत में कमी
(C) साख की उपलब्धता में कमी
(D) साख की लागत में वृद्धि

31. दीर्घकाल में औद्योगीकरण में निम्न में कौनसे उद्योग योगदान नहीं करते—
(A) निर्यात गहन उद्योग
(B) उपभोक्ता वस्तु उद्योग
(C) आयात-प्रतिस्थापक उद्योग
(D) पूँजीगत वस्तु आयोग

32. एकाधिकार जाँच आयोग (1964) के सभापति थे—
(A) आर.के. हजारी
(B) के.सी. पन्त
(C) राज कृष्णा
(D) डॉ. प्रवीण झा

33. लघु उद्योगों का लाभ यह है कि यह—
(A) पूँजी-हल्का होता है
(B) पूँजी गहन होता है
(C) छिपा संसाधन है
(D) A और C दोनों

34. औद्योगिक नीति, 1991 का मुख्य उद्देश्य था—
(A) स्वतंत्र बाजार प्रक्रिया के लिए अर्थव्यवस्था को खोल देना
(B) सार्वजनिक उपक्रमों को समाप्त करना
(C) आयात को बढ़ावा देना
(D) ऊपर के सभी

35. निजीकरण का तात्पर्य है—
(A) निजी फर्मों को सरकारी क्षेत्र को बेचना
(B) सरकारी क्षेत्र को निजी क्षेत्र को बेचना
(C) 'वेंचर' पूँजीपतियों को निगम निकायों को बेचना
(D) वेंचर कैपिटल का राष्ट्रीयकरण

36. When population reaches carrying capacity—
(A) Mortality rate = Birth rate
(B) Mortality rate > Birth rate
(C) Mortality rate < Birth rate
(D) None of the above

37. Population explosion in India has occurred in the last—
(A) 500 years
(B) 300 years
(C) 100 years
(D) 50 years

38. What does the "Tragedy of the Commons" refer to ?
(A) The struggle between short-term individual welfare and long-term environmental stability
(B) The inability to meet human needs through compromise
(C) It relates to the class struggle between farmers and herders in medieval Europe
(D) The ability to meet humanity's current needs without compromising the ability of future generations to meet their needs

39. The Essay on the Principle of Population was written by—
(A) The World Bank.
(B) Thomas Robert Malthus
(C) Julian Simon
(D) Abraham Lincoln

40. The Club of Rome study, The Limits to Growth, suggests that as natural resources diminish
(A) Capital increasingly replaces labor
(B) Technological change compensates for capital depletion
(C) Costs rise, leaving less capital for future investment
(D) Contingent valuation becomes critical

36. जनसंख्या अपनी वहनीय क्षमता पर पहुँच जाती है जब—
(A) मृत्यु दर = जन्म दर
(B) मृत्यु दर > जन्म दर
(C) मृत्यु दर < जन्म दर
(D) ऊपर में से कोई नहीं

37. भारत में जनसंख्या विस्फोट निम्न में किस अवधि में हुआ है—
(A) गत 500 वर्षों में
(B) गत 300 वर्षों में
(C) गत 100 वर्षों में
(D) गत 50 वर्षों में

38. 'ट्रेजडी ऑफ कॉमन्स' इंगित करता है—
(A) अल्पकालीन व्यक्तिगत कल्याण एवं दीर्घकालीन पर्यावरण स्थिरता के बीच संघर्ष
(B) समझौतों के माध्यम से मानवीय जरूरतों को पूरा करने की अक्षमता
(C) मध्यकालीन भारत में किसानों एवं गडेड़ियों के बीच का वर्ग संघर्ष
(D) भविष्य की संततियों की जरूरतों पर समझौता किए बिना मानव की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने में सामर्थ्य

39. 'जनसंख्या का सिद्धान्त' (प्रिंसिपल ऑफ पापुलेशन) नामक प्रख्यात पुस्तक निम्न में से किन्होंने लिखा—
(A) विश्व बैंक
(B) थॉमस रॉबर्ट माल्थस
(C) जूलियन साइमन
(D) अब्राहम लिंकन

40. 'वृद्धि की सीमा' (लिमिट टू ग्रोथ), जो रोम-क्लब की कृति है, यह बतलाता है कि जैसे-जैसे प्राकृतिक संसाधन कम होते जाते हैं, उसी तरह—
(A) पूँजी, श्रम को प्रतिस्थापित करती है।
(B) पूँजी ह्रास की क्षतिपूर्ति तकनीकी परिवर्तन से होती हैं।
(C) लागतें बढ़ती हैं, भविष्य के लिए अब कम पूँजी रह जाती है।
(D) आकस्मिक मूल्यांकन आवश्यक हो जाता है।

41. Dr. K.N. Raj committee was related with—
(A) Union tax system reforms
(B) Educational reforms
(C) Recommend levy of capital gains tax
(D) Recommend imposition of agricultural holding tax

42. Which of the following is not a part of land reforms in India—
(A) Ceillings on land holdings
(B) Zamindari abolition
(C) Consolidation of land holdings
(D) Agricultural holdings tax

43. Agricultural price commission in India has been set up to ensure that—
(A) Farmers get full employment
(B) Farmers receive a remunerative prices for their produce
(C) Farmers get fertiliser at fair prices
(D) Farmers get fair prices for organic agriculture only

44. The Green revolution in India has resulted in—
(A) Huge increase in wheat production
(B) Increase in regional inequalities
(C) Change in cropping pattern
(D) All of the above

45. Which of the following is not a cause of low productivity in Indian agriculture—
(A) Fragmented land holdings
(B) Outdated technology
(C) Poor land relations
(D) High procurement price

46. A firm knows that the demand function for one of its product is linear. It also knows that it can sell 1000 units when the price is Rs. 4 per unit, and it can sell 1500 units when the price is Rs. 2 per unit. The marginal revenue function of the firm will be given as—
(A) $10 - (x / 125)$
(B) $8 - (x / 125)$
(C) $8 - (x / 250)$
(D) $4 - (x / 125)$

41. डॉ. के.एन. राज समिति का सम्बन्ध था—
(A) संघीय कर प्रणाली में सुधार से
(B) शिक्षा सुधारों से
(C) पूँजी-लाभ पर कर लगाने की अनुशंसा से
(D) कृषिगत जमीन पर कर लगाने की अनुशंसा से

42. भारत में भू-सुधार का निम्न में से कौनसा विषय नहीं है—
(A) भू-जोतों की सीमा का निर्धारण
(B) जमींदारी उन्मूलन
(C) भू-जोतों की चकबन्दी
(D) कृषिगत भू-जोतों पर कर

43. भारत में कृषिगत मूल्य आयोग का गठन निम्नलिखित कार्य सुनिश्चित करने के लिए किया गया—
(A) किसानों को पूर्ण रोजगार मिले
(B) किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य मिले
(C) किसानों को उचित मूल्य पर खाद मिले
(D) किसानों को जैविक फसलों के लिए उचित मूल्य मिले

44. भारत में 'हरित क्रांति' का परिणाम रहा है—
(A) गेहूँ उत्पादन में भारी वृद्धि
(B) प्रादेशिक विषमताओं में वृद्धि
(C) फसल-पैटर्न में परिवर्तन
(D) उपर्युक्त सभी

45. भारत में कृषि की निम्न उत्पादकता का कौनसा कारण नहीं है—
(A) विखण्डित भू-जोत
(B) बेकार एवं पुरानी तकनीक
(C) संघर्षपूर्ण भू-सम्बन्ध
(D) उच्च सरकारी फसल खरीद कीमत

46. एक फर्म को पता है कि उसकी एक वस्तु का माँग वक्र रेखीय है। उसे यह भी पता है कि वह 1000 इकाईयाँ बेच सकता है जब कीमत 4 रु. हो और 1500 इकाईयाँ बेच सकता है जब वस्तु की कीमत 2 रुपये हो। इस फर्म की सीमान्त आय (MR) फलन है
(A) $10 - (x / 125)$
(B) $8 - (x / 125)$
(C) $8 - (x / 250)$
(D) $4 - (x / 125)$

47. If the demand function is p = 4-5x (where 'p' is price and 'x' is output), the value of x at which demand will have unit elasticity is—
(A) (2 / 5)
(B) (5 / 2)
(C) (3 / 5)
(D) None of the above

48. A manufacture's marginal revenue function is MR = 2 – 6x (where 'x' is output). The demand law will be—
(A) p = 2 – 8x
(B) p = 2 – 3x
(C) x = 2 – 3p
(D) p = 8 – 3x

49. The price elasticity of demand for a commodity is p / x3 (where 'p' is price and 'x' is output). The demand function, if the demand is 3 when the price is 2, will be given as—
(A) $p = 11 - (2x^3 / 3)$
(B) $p = 10 - (x^3 / 3)$
(C) $p = 11 - (4x^3 / 3)$
(D) $p = 11 - (x^3 / 3)$

50. An existence of slack variable in the final simplex table indicates that the—
(A) Solution is not feasible
(B) Resource is not fully utilized.
(C) Solution is multiple optimal
(D) Resource has been optimally utilized.

51. Which of the following is a typical characteristic of financial asset return time-series ?
(A) Their distributions are thin-tailed
(B) They are not weakly stationary
(C) They are highly autocorrelated
(D) They have no trend

52. If a qualitative variable has 'm' categories, we shall introduce only _____ dummy variable(s).
(A) (m)
(B) (m – 1)
(C) (m – 2)
(D) (m + 1)

47. माँग फलन, p = 4 – 5 x (जहाँ p कीमत तथा x उत्पादन है) के आधार पर x के किस मान के लिए माँग की लोच इकाई के बराबर होगी—
(A) (2 / 5)
(B) (5 / 2)
(C) (3 / 5)
(D) इनमें से कोई नहीं

48. एक निर्माता का सीमान्त आय (MR) फलन, Mr = 2 – 6x (जहाँ x उत्पादन है) दिया गया है। इसके अनुसार, माँग फलन होगा—
(A) p = 2 – 8x
(B) p = 2 – 3x
(C) x = 2 – 3p
(D) p = 8 – 3x

49. किसी वस्तु की मांग की कीमत लोच $p/x^3$ है (जहाँ p = कीमत एवं x उत्पादन है)। जब माँग की मात्रा 3 एवं कीमत 2 है तो माँग फलन निम्न में से क्या है—
(A) $p = 11 - (2x^3 / 3)$
(B) $p = 10 - (x^3 / 3)$
(C) $p = 11 - (4x^3 / 3)$
(D) $p = 11 - (x^3 / 3)$

50. अंतिम सिम्पलेक्स टेबल में स्लैक वेरिएबल की उपस्थिति दर्शाता है—
(A) हल संभव नहीं
(B) संसाधनों का पूर्ण प्रयोग नहीं हो रहा है
(C) एकाधिक हल है
(D) संसाधनों का पूर्ण प्रयोग हो रहा है

51. निम्न में से कौनसा वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिफल की काल श्रेणी की मुख्य विशेषता है—
(A) उनके वितरण की पूँछ पतली होती है
(B) वे स्थिर नहीं हैं
(C) वे एक-दूसरे से उच्च रूप से सह-संबंधित हैं
(D) उनका कोई रुझान नहीं होता

52. किसी गुणात्मक चर में 'm' वर्ग हैं, तो हम कितने मूक चर (डमी) का इस्तेमाल कर सकते हैं—
(A) (m)
(B) (m – 1)
(C) (m – 2)
(D) (m + 1)

53. According to one of the assumption of the classical linear regression model. variance of each disturbance, conditional on the chosen value of the explanatory variables, is some constant number. This is the assumption of ___________
(A) Normality
(B) Hetroscedasticity
(C) Causality
(D) Homoscedasticity

54. Akaike's information criteria is used for judging _________ of a regression model.
(A) Structural changes
(B) multicollinearity
(C) adequaecy
(D) Serial correlation

55. Which of the following test is commonly used for testing normality ?
(A) Park Test
(B) Durbin-Watson d statistic test
(C) Goldfeld-Quandt test
(D) Jarque-Bera test

56. Suppose, government spends a lot of money on labour skill improvement programme. According to endogenous growth theory, which of the following will result in the long run—
(A) Economic growth will increase
(B) Investment will increase
(C) Capital-labour ratio will increase
(D) Capital-output will increase

57. When players have good reasons to believe that one equilibria is more 'Natural" that the others, it is called a—
(A) Nash Equilibrim of the game
(B) Mixed strategy equilibrium
(C) Saddle point of the game
(D) Focal point of the game

58. "Eurosclerosis" is the term associated with—
(A) European countries debt crisis
(B) Excessive government regulation and welfare state
(C) Disguised unemployment and high wage
(D) None of the above

53. प्रतिष्ठित रेखीय रिग्रेसन मॉडल (CLRM) की मान्यता के अनुसार, त्रुटि का वेरिएंस (Variance of disturbance) व्याख्यात्मक चर (Explanatory) के दिए गए मूल्य पर आधारित (conditional) एक स्थिर संख्या है। यह मान्यता है—
(A) प्रसामान्यत (नॉरमलिटी)
(B) विसमांगता (हेट्रोस्केडास्टीसिटी)
(C) कारणगत (कॉजालिटी)
(D) समांगता (होमोस्केडास्टीसिटी)

54. रिग्रेसन मॉडल में अकाइके (Akaike's) सूचना का इस्तेमाल क्या निर्णय लेने के लिए किया जाता है—
(A) ढाँचागत परिवर्तन
(B) बहुसंरेखीयता
(C) पर्याप्तता
(D) क्रमिक सहसम्बन्ध

55. प्रसामान्यता (नॉरमलिटी) जाँच के लिए कौन उपयुक्त है—
(A) पार्क टेस्ट
(B) डरबिन-वाटसन 'डी' टेस्ट
(C) गोल्डफेल्ड-क्वांट टेस्ट
(D) जार्क-बेरा टेस्ट

56. मान लें कि सरकार श्रमिकों की कुशलता में सुधार के लिए कार्यक्रम पर काफी खर्च करती है। इण्डोजीनस ग्रोथ सिद्धान्त के अनुसार, दीर्घकाल में निम्न में से क्या होगा—
(A) आर्थिक वृद्धि होगी
(B) निवेश बढ़ेगा
(C) पूँजी-श्रम अनुपात बढ़ेगा
(D) पूँजी-उत्पाद अनुपात बढ़ेगा

57. जब खिलाड़ियों को यह पता हो कि एक साम्य दूसरे की तुलना में अधिक स्वभाविक है तो इसे कहते हैं—
(A) खेल का नैश साम्य
(B) मिश्रित रणनीति साम्य
(C) खेल का 'सैडल' बिन्दु
(D) खेल का फोकल बिन्दु

58. "यूरो स्केलेरोसिस" सम्बन्धित है—
(A) यूरोपीय देशों के ऋण संकट से
(B) सरकार के नियमन एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की अधिकता से
(C) प्रच्छन्न बेरोजगारी एवं ऊँची मजदूरी दर से
(D) इनमें से कोई नहीं

59. In the Solow model, in the long run the economy's growth rate of output depends on the growth rate of—
(A) Physical capital stock
(B) 'Effective' labour input (population growth)
(C) Effective fiscal policy
(D) Central bank's credit policy

60. According to Barro-Ricardo equivalence theorem, today's holding of government bonds—
(A) Represent net wealth
(B) Do no represent net wealth
(C) Sometimes they do, sometimes may not
(D) Actually, are the asset for the governemnt

61. The proportionate difference between the current forward exchange rate value of a currency and its current spot value is—
(A) Investment
(B) Spot premium
(C) Forward premium
(D) Currency-option

62. Mercantilism held that—
(A) Silver alone was the mainstay of national wealth.
(B) Gold alone was the mainstay of national wealth.
(C) Silver and gold were the mainstays of national wealth.
(D) Silver and gold are not important for the national wealth of a country

63. Immiserizing growth could occur to poor countries when it experiences :
(A) Import-based economic growth
(B) Export-based economic growth
(C) Growth in its non-traded sector.
(D) None of these

64. Under the gold standard—
(A) A perpetual surplus is impossible
(B) A perpetual deficit is possible.
(C) A perpetual surplus is impossible, but a perpetual deficit is possible.
(D) A perpetual deficit is impossible, but a perpetual surplus is possible.

59. सोलो (Solow) मॉडल में, दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि दर निर्भर करती है—
(A) भौतिक पूँजी की वृद्धि दर पर
(B) प्रभावी श्रम साधन (जनसंख्या) वृद्धि-दर पर
(C) प्रभावी राजकोषीय नीति पर
(D) केन्द्रीय बैंक की मौद्रिक नीति पर

60. बेरो-रिकार्डो साम्यता प्रमेय के अनुसार, आज की तारीख के सरकारी बॉण्ड—
(A) शुद्ध धन हैं
(B) शुध धन नहीं हैं
(C) कभी हैं, कभी नहीं भी
(D) वास्तव में, ये सरकार की परिसम्पत्ति हैं

61. किसी मुद्रा के फॉरवार्ड विनिमय दर एवं 'स्पॉट' विनिमय दर के बीच के आनुपातिक अंतर को कहा जाता है—
(A) निवेश
(B) स्पॉट प्रीमियम
(C) फॉरवार्ड प्रीमियम
(D) करेंसी ऑप्शन

62. व्यापारवादियों (मर्केन्टीलिस्ट) का मानना था कि—
(A) केवल चाँदी ही असली धन है
(B) केवल सोना ही असली धन है
(C) चाँदी और सोना, दोनों ही केवल असली धन हैं
(D) राष्ट्र के धन में सोना एवं चाँदी अधिक मायने नहीं रखते

63. 'इम्मिसिराइजिंग' ग्रोथ किसी देश में होता है, जबकि—
(A) आयात आधारित आर्थिक वृद्धि हो
(B) निर्यात आधारित आर्थिक वृद्धि हो
(C) गैर-व्यापार क्षेत्र में वृद्धि हो
(D) इनमें से कोई नहीं

64. स्वर्णमान के अनतर्गत, व्यापार में—
(A) चिरकालीन अतिरेक असंभव है
(B) चिरकालीन घाटा संभव है
(C) चिरकालीन अतिरेक असंभव है, लेकिन चिरकालीन घाटा संभव है
(D) चिरकालीन घाटा असंभव है लेकिन चिरकालीन अतिरेक संभव है

65. Governments use monetary policy to reach—
(A) Internal balance
(B) External balance
(C) Internal but not external balance
(D) Internal and external balance

66. Share of agriculture and allied acitivites in GDP (2011-12, advance estimates) in India is—
(A) 22.7%
(B) 19.6%
(C) 25.9%
(D) 13.9%

67. Contribution (Share) of agriculture & allied sectors in total Gross Capital Formation (at 2004-05 prices) in 2009-10 (provisional estimates) is—
(A) 11.5%
(B) 7.1%
(C) 14.9%
(D) 18.1%

68. Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY) was launched in
(A) 2007-08
(B) 2003-04
(C) 2000-01
(D) 2011-12

69. National Agricultural Insurance Scheme (NAIS) provides financial support to farmers in the event of failure of crops as a result of—
(A) Theft of agricultural implements
(B) Family disputes
(C) Natural calamities
(D) None of the above

70. Allocations of food grains per month for the Antyodaya Anna Yojana (AAY) for below poverty line (BPL) families are being made at—
(A) 35 kg per family
(B) 30 kg per family
(C) 25 kg per family
(D) 40 kg per family

65. सरकार मौद्रिक नीति अपनाती है, प्राप्त करने के लिए—
(A) आन्तरिक संतुलन
(B) बाह्य सन्तुलन
(C) आन्तरिक लेकिन बाह्य संतुलन नहीं
(D) आन्तरिक एवं बाह्य संतुलन

66. भारत में 2011-12 (एडवांस आकलन) के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं अनुशंगी क्रियाकलापों का हिस्सा है—
(A) 22.7%
(B) 19.6%
(C) 25.9%
(D) 13.9%

67. 2009-10 (प्रोविजनल आकलन) के अनुसार सकल पूँजी निर्माण (2004-05 के मूल्यों पर) में कृषि में अनुषंगी क्रियाकलापों का योगदान (हिस्सा) है—
(A) 11.5%
(B) 7.1%
(C) 14.9%
(D) 18.1%

68. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का सूत्रपात किया गया था—
(A) 2007-08
(B) 2003-04
(C) 2000-01
(D) 2011-12

69. राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन.ए.आई.एस.) किन परिस्थितियों में फसल नष्ट होने पर किसानों को वित्तीय सहायता मुहैया करता है—
(A) कृषिगत औजारों की चोरी होने पर
(B) घरेलू-पारिवारिक विवादों में
(C) प्राकृतिक आपदाओं में
(D) ऊपर में से कोई नहीं

70. अन्त्योदय अन्न योजना में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को प्रतिमाह खाद्यान्न मुहैया कराया जाता है—
(A) 35 किग्रा. प्रति परिवार
(B) 30 किग्रा. प्रति परिवार
(C) 25 किग्रा. प्रति परिवार
(D) 40 किग्रा. प्रति परिवार

71. Planning process in India was initiated with a view to—
(A) Promote economic growth
(B) Promote balanced regional development
(C) Promote desirable allocation of resources across sectors
(D) All of the above

72. India's centralised planning strategy was based on planning strategy of—
(A) The United States
(B) Formerly the USSR
(C) Japan
(D) The United Kingdom

73. The second five year plan in India laid emphasis on expansion of—
(A) Small scale industries under the ownership of government
(B) Capital goods industries under the ownership of government
(C) Heavy industry under private sector ownership
(D) Expansion of public sector banks with a view to meet credit needs

74. Which of following human development related indices incorporates information on women's socio-economic status—
(A) HDI
(B) WPI
(C) GDI
(D) GDP

75. Which of the following is not a tool for expansionary fiscal policy—
(A) Reduction in income tax rates
(B) Increase in transfers payments
(C) Increase in spending on public works programme
(D) Increase in indirect taxes

71. भारत में आयोजन प्रक्रिया शुरू की गई थी—
(A) आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए
(B) संतुलित-प्रादेशिक विकास को बढ़ावा देने के लिए
(C) विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों के वांछित आवंटन को बढ़ावा देने के लिए
(D) ऊपर के सभी

72. भारत का केन्द्रीकृत आयोजना रणनीति निम्न में से किस देश की आयोजना रणनीति से प्रेरित है—
(A) संयुक्त राज्य
(B) सोवियत संघ
(C) जापान
(D) इंग्लैण्ड (यू. के.)

73. भारत में दूसरी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य निम्न में से किसका विस्तार करना था—
(A) सरकारी स्वामित्व के अन्तर्गत लघु उद्योगों का
(B) सरकारी स्वामित्व के अन्तर्गत पूँजीगत वस्तुओं के उद्योगों का
(C) निजी स्वामित्व के भारी उद्योगों का
(D) साख-जरूरतों को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का विस्तार

74. निम्न में से मानव-विकास से सम्बन्धित किस निर्देशांक में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का समावेश किया गया है—
(A) एच.डी.आई.
(B) डब्ल्यू.पी.आई.
(C) जी.डी.आई.
(D) जी.डी.पी.

75. विस्तारकारी राजकोषीय नीति का निम्न में से कौन एक यंत्र नहीं है—
(A) आयकर दर में कमी
(B) ट्रांसफर पेमेण्ट्स में वृद्धि
(C) सार्वजनिक कार्य की योजनाओं में वृद्धि
(D) अप्रत्यक्ष कर में वृद्धि

❑ ❑ ❑